<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–25 जून 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- वाराणसी में हुयी मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय पर दिया जोर। कहा– दुष्कर्म के मामलों की तेजी से सुनवाई के लिये फास्ट ट्रैक अदालतों का किया जाय गठन।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा–जल्द पूरी होगी गंगा एक्सप्रेस–वे को गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे से जोड़ने की योजना।
- आपातकाल के पचास वर्ष पूरे होने पर आज प्रदेश भर में मनाया जा रहा है संविधान हत्या दिवस। सभी जिलों में प्रदर्शनी सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का किया जा रहा आयोजन।
- प्रदेश भर में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। कुछ क्षेत्रों में आज और कलं भारी बारिश का अनुमान।

**********

वाराणसी में कल हुयी मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में क्षेत्रीय कानून व्यवस्था, सीमा सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच हो और तेजी से सुनवाई के लिये फास्ट ट्रैक, विशेष अदालतों का गठन किया जाय। श्री शाह ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य क्षेत्रीय विकास और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है। यह राज्यों के बीच सहयोग और समन्वय का मजबूत मंच है, जो क्षेत्रीय विकास को गति देने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए।

बैठक में गृह मंत्री, सभी मुख्यमंत्री एवं सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के अभिनंदन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसका परिषद ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया। एक रिपोर्ट–––

***मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में राज्यों के बीच समन्वय, स्वास्थ्य, पर्यटन, परिवहन, और अवसंरचना विकास जैसे विविध विषयों पर गहन चर्चा की गई। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर नागरिकों को मुख्य सामान्य सेवाओं की ऑनलाइन डिलीवरी का प्रावधान करना, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ पोक्सो अधिनियम के तहत यौन अपराध और बलात्कार के मामलों की त्वरित जांच करने के साथ–साथ आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में प्रत्येक राज्य से दो वरिष्ठ मंत्री, राज्य सरकार के मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों सहित 100 से ज्यादा शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। मनीष कुमार आकाशवाणी समाचार वाराणसी***

बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद संघीय एकता, राष्ट्रीय अखण्डता और क्षेत्रीय विकास को मजबूत करती है। बैठक में शामिल हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मीडिया से बातचीत में राज्यों के आपसी समन्वय पर जोर दिया।

**सभी प्रकार के राज्यों के समन्वय को ले करके यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किस प्रकार से समय चल रहा है इस समय राज्यों के बीच परस्पर समन्वय रहे विकास के मामले साझा करे और अपने–अपने अनुभव के आधार पर भविष्य में माननीय मोदी के नेतृत्व में उन्नति करे।**

वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुयी, जो सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघवाद की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गाजीपुर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेस–वे को गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे से जोड़ने की योजना जल्द पूरी हो जायेगी। उन्होंने कहा कि जिले में हो रहा आधारभूत ढांचे का विकास गाजीपुर को नई पहचान देगा।

*विकास का सिलसिला अनवरत चलता रहेगा। जनपद अच्छी दिशा में आगे बढ़ रहा है। माफिया मुक्त जनपद बना है और विकास की प्रक्रिया के साथ गाजीपुर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ प्राप्त हो रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर जनपद के लोगों को एक नई पहचान दिलायेगी।*

**********

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन– ईपीएफओ ने कहा है कि अग्रिम दावों के लिए स्वतः निपटान राशि की सीमा को एक लाख से बढाकर पांच लाख रूपये करने का फैसला किया है। यह राशि लाभार्थियों को 72 घंटे के अंदर ही प्रदान कर दी जाएगी। केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम लोगों के हित में है।

**********

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री जयन्त चौधरी और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कल सोनभद्र में किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाने वाले नव्या व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि नव्या कार्यक्रम से आकांक्षी जिले की किशोरियों को लाभ मिलेगा। साथ ही वे स्वावलंबी भी होंगी। उन्होंने कहा कि दोनों विभागों के समन्वय से कार्यक्रम संचालित हो रहा है।

***होल एंड गवर्मेंट एप्रोच यानी विभागीय समन्वय बनाया। आपस में जो भी योजनाएं है उनका क्रियान्वन करना, दोनों ही मंत्रालय आपस में समन्वय बनाने का काम कर रहे हैं।***

**********

देश भर में आज संविधान हत्या दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस 25 जून 1975 को संविधान को कुचलने की घटनाओं का स्मरण कराता है। इस दिन उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है जिन्होंने आपातकाल के दौरान अत्याचार झेलें।

आपातकाल की घोषणा बढ़ती राजनीतिक अशांति और न्याय घटनाक्रमों की पृष्ठभूमि में की गई थी। जिसने सत्तारूढ़ नेतृत्व की वैधता को हिला कर रख दिया था। आपातकाल के दौरान संसद ने कई संवैधानिक संशोधन पारित किये जिससे न्यायिक समीक्षा और संस्थागत जांच कमजोर हो गई। आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि आपातकाल भारतीय इतिहास का सबसे काला अध्याय था। एक रिपोर्ट–

***यह भारत के इतिहास का काला दौर लाखों लोगों ने इमरजेंसी का पूरी ताकत से विरोध किया था। लोकतंत्र के समर्थकों को उस दौरान इतना अत्याचार किया गया, इतनी यात्राएं दी गई कि आज भी मन शिहर उठता है। शाह जांच आयोग ने पाया कि आपातकाल के दौरान देशभर में एक करोड़ से ज्यादा नसबंदी की गई। इस अवधि के दौरान लगभग 26000 सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों को समय से पहले सेवानिवृत्ति कर दिया गया और संसदीय और न्यायिक कार्रवाई को सेंसर किया गया और अदालती फैसलों को उनके प्रकाशित रूप में संपादित किया नियंत्रित किया गया। अनुपम मिश्रा आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

इस अवसर पर प्रदेश भर के जिलों में प्रदर्शनी और विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये आपातकाल के दौरान दी गयी यातनाओं के बारे में आम जन को जागरूक किया जायेगा। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आपातकाल की त्रासदी पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

**********

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कल अयोध्या में श्रीरामलला का दर्शन किया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने समाजवादी पार्टी से निष्कासित तीनों विधायकों के विषय पर कहा कि कोई भी विधायक अपनी पार्टी की मंशा के अनुरूप काम नहीं करता है तो उस दल का अधिकार है कि वह अध्यक्ष के समक्ष अपनी याचिका दाखिल कर सकता है, जिस पर गुण–दोष के आधार पर निर्णय होता है। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी के निष्कासन की आधिकारिक सूचना नहीं दी गयी है। यदि ऐसा कोई आवेदन प्राप्त होता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

**********

सामूहिक विवाह योजना में आर्थिक सहायता राशि को दोगुना करने के साथ ही शासन ने इसकी निगरानी भी बढ़ा दी है। योजना में गड़बड़ी रोकने और इसका लाभ पात्रों तक पहुंच सके इसके लिये तकनीकी का प्रयोग कर इसे और प्रभावी, सरल एवं पारदर्शी बनाया जा रहा है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि योजना का लाभ पात्र परिवार आसानी से ले सकें, इसके लिये कई स्तर पर बदलाव किये जा रहे हैं। आवेदक युगलों को दिये जाने वाली उपहारों की गुणवत्ता और आपूर्ति में पारदर्शिता के लिये अब फार्मों का चयन निदेशालय स्तर से किया जायेगा। युगलों का बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करायी जायेगी, सत्यापन में लापरवाही पर जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जायेगी।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों मे रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में आज और कल गरज–चमक के साथ भारी बारिश का अनुमान है। वहीं, कुछ जिलों में बारिश का क्रम अगले एक सप्ताह तक जारी रह सकता है।

**********